प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रदेश में सात सीटों पर विधानसभा उप चुनाव को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों सहित अन्य दलों द्वारा प्रत्याशियों के नामों को लेकर मंथन जोर–शोर से चल रहा है। हालांकि भाजपा 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। जबकि चौरासी सीट पर पार्टी की ओर से उम्मीदवार की घोषणा करना बाकी है। वहीं कांग्रेस पार्टी जल्द ही नामो की घोषणा कर देगी। इसे लेकर हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमिटी की जयपुर में बैठक हुई। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गई। इस बीच उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 25 अक्टूबर तक नामांकन भरे जा सकेंगे। इनकी जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। निर्वाचन विभाग ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले निशक्तजन मतदाताओं के लिए होम वोटिंग के लिए आवेदन करने का आज आखिरी दिन है। ये मतदाता बीएलओ को माध्यम से आवेदन कर सकते है।

00000

प्रदेश में निवेश आकर्षित करने और विकास के उद्देश्य से जिलों में आयोजित हो रही इन्वेस्टर्स मीट के तहत आज पाली और डीग जिलों में सम्मेलन हो रहे है। पाली में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन फालना में किया गया। इसका शुभारम्भ प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा,सांसद पी पी चौधरी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने बताया की सम्मेलन में 4 हजार 55 करोड़ के 136 एमओयू साइन हुए है। कार्यक्रम के दौरान वोकल फोर लोकल पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है। साथ ही सेल्फी बूथ भी बनाया गया है। चित्तौड़गढ़ में इन्वेस्टर मीट कल होगी। इसमें 10 हज़ार करोड़ रुपये के एमओयू होने की उम्मीद है। जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा।

00000

पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत की जयंती पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। इस अवसर पर उनकी स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में जीवटता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्श प्रतिमान, भैरोंसिंह शेखावत जी को वे नमन करते है। आज जयपुर के विद्याधर नगर स्थित भैरोसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर शाम को प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। उनके पैतृक गांव खाचरियावास में भी पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

00000

सर्दी की दस्तक के साथ ही पाली जिले के सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में जवाई नदी के आसपास पहाड़ी क्षेत्रो में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों ने अपना बसेरा बना लिया है। इनमें स्नोई ईग्रेट, पौण्ड हिरोन और व्हाइट ईग्रेट सहित कई पक्षी शामिल है। इन पक्षियों को यहाँ का मौसम और आबोहवा रास आ रही है। जवाई लेपर्ड एरिया में घूमने के लिए आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को भी ये पक्षी आकर्षित कर रहे हैं।

00000